Roll No. .........................

Total No. of Pages : 5

Total No. of Questions : 13

उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड

**विषय कोड : 828**

सामान्य हिंदी

**Paper VI**

समय : 1½ घण्टे — पूर्णांक : 50

---

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×3=3

   (*i*) दोनों पद जिस समास में प्रधान होते हैं, उस समास को .................. कहते हैं।

   (द्विगु समास/द्वन्द्व समास)

   (*ii*) सूरदास की रचनाओं में ...................... भाषा है।

   (ब्रज भाषा/उर्दू भाषा)

   (*iii*) उद्यान में ..................... उड़ रहा है। (अली/अलि)

2. सही विकल्प चयनकर लिखिए : 1×3=3

   (*i*) मीनाक्षी मंदिर स्थित है -

   (अ) दिल्ली में

   (ब) हैदराबाद में

   (स) मदुरै में

   (द) रामेश्वरम में



652

(*ii*) "भुजंगिनी-सी" में अलंकार है-

(अ) उपमा

(ब) रूपक

(स) अनुप्रास

(द) यमक

(*iii*) "जो सब कुछ जानता हो" वाक्य के लिए एक शब्द है-

(अ) विज्ञ

(ब) सर्वज्ञ

(स) अज्ञ

(द) अनर्थ।

3. एक शब्द में उत्तर लिखिए : 1×3=3

(*i*) "संस्कृति" का विलोम शब्द क्या है ?

(*ii*) एक ही शब्द के अर्थ आपस में चिपके होने पर कौनसा अलंकार होता है ?

(*iii*) किसके अभाव में बुद्धि कौशल पंगु है ?

4. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य चयन कर लिखिए : 1×3=3

(*i*) आवश्यकता आविष्कार की जननी है।

(*ii*) भूषण वात्सल्य रस के कवि हैं।

(*iii*) "थोथा चना बाजे घना" एक लोकोक्ति है।

5. सही जोड़ी बनाइये - 3

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (*i*) "माँ" कविता | (अ) साधारण वाक्य |
| (*ii*) अनुभव में अनु | (ब) नास्तिक |



653

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*iii*) | खानखाना क्या है | (स) | मुहावरा |
| (*iv*) | बाल-बाल बचना | (द) | उपाधि |
| (*v*) | आस्तिक | (य) | उपसर्ग |
| (*vi*) | बालक रो-रोकर चुप हो गया | (र) | बालकवि बैरागी |
| | | (ल) | प्रत्यय |

6. कस्तूरबा को किन ग्रन्थों पर असाधारण श्रद्धा थी ? 2

7. "लोग भरम हम पै धरैं, याते तो नीचे नैन" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 2

8. उपसर्ग छाँटकर लिखिए : 2

बदचलन, भरसक, अनुशासन, प्रतिकूल।

9. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए : 4

"माँ बस यह वरदान चाहिए।
जीवन-पथ जो कंटकमय हो,
विपदाओं का घोर वलय हो।
किन्तु कामना एक यही बस,
प्रतिपल पग गतिमान चाहिए।

**अथवा**

"साजि चतुरंग सैन अंग मैं उमंग धारि,
सरजा सिवाजी जंग जीतन चलत हैं।
भूषन भनत नाद बिहद नगारन के,
नदी नद मद गैबरन के रलत हैं।"



654

10. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+1+1+2=5

''वैदिक काल से हिमालय के पहाड़ बहुत पवित्र माने जाते हैं, इसमें कोई सन्देह नहीं कि हिमालय के पहाड़ों का दृश्य अति सुंदर है। उसकी विशालता को देखकर मन में आनंद और कृतज्ञता की लहर उठती है। ऐसा लगता है कि यह विशाल सृष्टि ईश्वर की देन है संपूर्ण सृष्टि के प्रति समभाव जाग्रत होता है। सारे भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाला यही हिमालय है। गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ को तीर्थ माना जाता है। उन स्थानों से निकलने वाली पवित्र नदियाँ ही वास्तव में हमारी प्राणदात्री रही हैं।''

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का सटीक शीर्षक लिखिए।

(*ii*) किस काल से हिमालय को पवित्र पहाड़ माना जाता है ?

(*iii*) हिमालय में कौन-कौनसे तीर्थ स्थित हैं ?

(*iv*) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लगभग 30 शब्दों में लिखिए।

11. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2+1+2=5

''फसल क्या है ?
और तो कुछ नहीं है वह
नदियों के पानी का जादू है वह
हाथों के स्पर्श की महिमा है
भूरी-काली संदली मिट्टी का गुण धर्म है
रूपांतर है सूरज की किरणों का
सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का -

(*i*) उपर्युक्त पद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(*ii*) फसल पर किसका जादू चलता है ?

(*iii*) उपर्युक्त पंक्तियों का भाव स्पष्ट कर लिखिए।

12. आपके वार्ड में चोरी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है, सूचित करते हुए नगर पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

अपने विद्यालय के प्राचार्य को शुल्क-मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

13. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए : 7

(*i*) पर्यावरण प्रदूषण और हमारा दायित्व

(*ii*) स्वच्छ भारत अभियान

(*iii*) हमारे राष्ट्रीय पर्व

(*iv*) राष्ट्रीय एकता

(*v*) इन्टरनेट—आज की आवश्यकता

(*vi*) आलस्य - मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु।

(ब) उपर्युक्त विषयों में से जिस पर निबंध लिखा है उसके अतिरिक्त किसी अन्य विषय की बिन्दुवार रूपरेखा लिखिए। 3

Set-A

प्राश्निक कोड क्र. 4/1947

पृष्ठ क्र.- 01

प्रश्न पत्र/आदर्श उत्तर

परीक्षा का नाम :- पूर्वमध्यमा / उत्तरमध्यमा, खण्ड-प्रथम / द्वितीय

विषय सामान्य हिन्दी विषय कोड 828 माध्यम हिन्दी

कुल प्रश्न 13

समय 1½ घण्टा

पूर्णांक 50

निर्देश

| प्रश्न क्रमांक | | प्रश्न के लिए अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1.- | रिक्त स्थान<br>(i) - द्वन्द्व समास<br>(ii) - ब्रजभाषा<br>(iii) - अलि | 3 |
| 2.- | सही विकल्प<br>(i)- (स) मदुरै में<br>(ii)-(अ) उपमा<br>(iii)- (ब) सर्वज्ञ | 3 |
| 3.- | एक शब्द में उत्तर<br>(i) कुसंस्कृति<br>(ii) श्लेष<br>(iii) बल | 3 |
| 4- | सत्य / असत्य<br>(i) सत्य (ii) असत्य (iii) सत्य | 3 |
| 5.- | सही जोड़ियाँ<br>(i) माँ कविता – (र) बालकवि बैरागी<br>(ii) अनुभव में अनु –(य) उपसर्ग<br>(iii) खान -खाना क्या है –(द) उपाधि<br>(iv) बाल-बाल बचना –(स) मुहावरा<br>(v) आस्तिक –(ब) नास्तिक<br>(vi) बालक रो-रोकर चुप –(अ) साधारण वाक्य हो गया। | 3 |
| 6.- | कस्तूरबा को गीता और तुलसी रामायण पर असाधारण श्रद्धा थी। | 2 |

हस्ताक्षर Kamlesh

657

प्राश्निक कोड क्रं...........

पृष्ठ क्र.- 02

प्रश्न पत्र/आदर्श उत्तर

परीक्षा का नाम :- पूर्वमध्यमा / उत्तरमध्यमा, खण्ड-प्रथम / द्वितीय

विषय............................................विषय कोड 828 ...........माध्यम...........

कुल प्रश्न...........

समय - 3 घण्टा

पूर्णांक...........

निर्देश

| प्रश्न क्रमांक | | प्रश्न के लिए अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 7.- | धनदाता ईश्वर है। लोगों को भ्रम है कि हम ही दे रहे हैं इससे हमारी नजरें नीची हैं। | 2 |
| 8.- | बदचलन - बद<br>भरसक - भर<br>अनुशासन - अनु<br>प्रतिकूल - प्रति | 2 |
| 9.- | पद्यांश- सन्दर्भ- माँ - बालकवि बैरागी।<br>प्रसंग - माँ से वरदान स्वरूप वह शक्ति माँगी गई है। जिसके द्वारा जीवन में आने वाली कठिनाईयों पर विजय प्राप्त की जा सके।<br>अथवा<br>संदर्भ - शौर्यगाथा - भूषण<br>प्रसंग - शिवाजी की सेना का युद्ध के लिए प्रस्थान करने का वर्णन किया गया है।<br>(सटीक व्याख्या लेखन पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें। | 4 |
| 10.- | (i) शीर्षक - "हिमालय का महत्व"<br>(ii) वैदिक काल से हिमालय को पवित्र पहाड़ माना जाता है।<br>(iii) गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ तीर्थ माना जाता है।<br>(iv) सटीक सारांश लेखन पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें। | 5<br>(1+1+1+2) |
| 11. | (i) शीर्षक - "फसल एवं भूमि का संबंध"<br>(ii) फसल पर नदियों का जादू चलता है। | 5<br>(2+1+2) |

हस्ताक्षर..........

658

आश्निक कोड क्र............

पृष्ठ क्र.- 03
प्रश्न पत्र/आदर्श उत्तर

परीक्षा का नाम :- पूर्वमध्यमा / उत्तरमध्यमा, खण्ड-प्रथम / द्वितीय

विषय........................ विषय कोड 828 ........ माध्यम........

कुल प्रश्न........................

समय - 3 घण्टा

पूर्णांक..............

निर्देश

| प्रश्न क्रमांक | | प्रश्न के लिए अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| (iii) | सटीक भावार्थ लेखन पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें। | |
| 12.- | आवेदन पत्र - संबोधन<br>विषय वस्तु<br>पत्र समाप्ति<br>लेखन पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें। | 1+3+1=5 |
| 13.- | (अ) 200 शब्दों के निबंध लेखन पर -<br>रूपरेखा<br>भाषा शैली<br>तथ्यों के आधार पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें। | 7 |
| | (ब) सटीक रूपरेखा लेखन पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें। | 3 |
| | =x= | |

हस्ताक्षर Kamlesh